दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 259 ■ भीलवाड़ा ■ शनिवार 31 अक्टूबर 2026 ■ कार्तिक, कृष्ण पक्ष-षष्ठी, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

सीएम भजनलाल शर्मा की भ्रष्टाचार पर जीरो टोलरेंस नीति, एक ही कंपनी से 40 विला खरीद मामले में जांच संभव

एसीएस शिखर अग्रवाल के बाद अब पत्नी पर गिरी गाज, आईपीएस प्रशाखा भी एपीओ

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टोलरेंस नीति पर



काम कर रहे हैं। यही वजह है कि सरकार ने एक ही कंपनी से 40 विला खरीदने के मामले में संदेह के घेरे में आए अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) आईएएस शिखर अग्रवाल के बाद उनकी पत्नी आईपीएस प्रशाखा माथुर को भी एपीओ कर दिया है। कार्मिक विभाग ने प्रशाखा माथुर को एपीओ करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

सरकार ने एक दिन पहले ही आईएएस शिखर अग्रवाल के खिलाफ इस मामले में एसीबी जांच के आदेश दिए गए थे। एसीबी ने मामले में प्राथमिक इंक्वायरी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अब आईपीएस प्रशाखा माथुर को एडीजी प्लानिंग मॉडर्नाइजेशन वेलफेयर के पद से हटाकर एपीओ कर दिया है। वे 24 अक्टूबर 2025 से इस पद पर कार्यरत थीं।

इससे पहले 29 अक्टूबर की रात को राजस्थान सरकार ने एसीएस शिखर अग्रवाल को सभी पदों से हटाते हुए एपीओ कर दिया था।





शिखर अग्रवाल पर पद के दुरुपयोग और निजी कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप है। आईपीएस प्रशाखा माथुर के नाम से भी उसी कंपनी से विला खरीदे गए थे जिससे शिखर अग्रवाल ने खरीदे थे। अंनता रिजॉर्ट के 40 विला में से प्रशाखा माथुर के नाम से भी हिस्सेदारी हैं, इनमें कुछ का जिक्र सालाना प्रॉपर्टी रिटर्न में हैं, लेकिन अलवर में की गई खरीद का जिक्र आईपीआर में नहीं है।

आईपीएस प्रशाखा के खिलाफ भी जांच संभव


विला खरीद मामले में शिखर अग्रवाल के खिलाफ एसीबी जांच शुरू हो चुकी है। अब माना जा रहा है कि 1995 बैच की आईपीएस प्रशाखा माथुर को भी जांच का सामना करना पड़ सकता है। हितों के टकराव, पद के दुरुपयोग के मामले में एसीबी अब जांच आगे बढ़ाने पर प्रशाखा माथुर से भी पूछताछ कर सकती है।

आय से अधिक परिसंपत्तियों की भी हो सकती जांच

गोपनीय सूत्रों से सामने आया है कि वित्त विभाग की ओर से प्राइवेट कंपनी गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड को विशेष रियायती आर्थिक पैकेज 27 मार्च को जारी किया गया। उसी दिन शिखर अग्रवाल की ओर से 20 विला की रजिस्ट्री करवाई गई है। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया कि शिखर अग्रवाल की ओर से अपने पदस्थापन के दौरान निजी कंपनी के निदेशकों के साथ कथित आपराधिक मिलीभगत कर कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाया गया और राज्य सरकार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। खुद के और परिजनों के नाम पर कथित रूप से आय से अधिक परिसंपत्तियां अर्जित किए जाने के तथ्यों की भी विस्तृत जांच किया जाना आवश्यक पाया गया।

दीपोत्सव की तैयारियां

सजने लगे बाजार, दुकानों पर बिखरी सतरंगी छटा, खरीदारी ने पकड़ा जोर



प्रमुख सर्किलों पर रंग-रोगन और आकर्षक रोशनी, कृत्रिम फुलमाला, इको-फ्रेंडली सजावट पहली पसंद

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

रोशनी, उमंग और खुशियों के महापर्व दीपावली के आगमन से पहले ही वस्त्रनगरी भीलवाड़ा के बाजारों में जबर्दस्त रौनक लौट आई है। त्योहार में अभी कुछ दिन शेष हैं, लेकिन शहर के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों, मुख्य सड़कों से लेकर अंदरूनी तंग गलियों तक दीपोत्सव की तैयारियां परवान चढ़ने लगी हैं। शहर के प्रमुख चौराहों और सर्किलों का नगर निगम व सामाजिक संगठनों के सहयोग से रंग-रोगन कर उन्हें आकर्षक रूप दिया जा रहा है। वहीं, बाजारों में दुकानें रंग-बिरंगी झालरों, आधुनिक लाइटों और पारंपरिक सजावटी सामग्रियों से पूरी तरह सज चुकी हैं, जो राहगीरों को बरबस अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।

इको-फ्रेंडली उत्पादों का बढ़ा क्रेज

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस बार ग्राहकों का रुझान प्लास्टिक उत्पादों के बजाय मिट्टी, कपड़े, जूट और प्राकृतिक रंगों से बने पर्यावरण-अनुकूल (इको-फ्रेंडली) सजावटी सामानों की ओर अधिक है। खासकर महिलाओं और युवाओं में अपने घरों व पूजा स्थलों को नया और आकर्षक रूप देने के लिए डिजाइनर दीयों, फ्लोटिंग मोमबत्तियों और रंगोली स्टेंसिल की खरीदारी का भारी उत्साह नजर आ रहा है। त्योहार से पहले ही बाजारों में ग्राहकी शुरू होने से स्थानीय दुकानदारों और महिला उद्यमियों के चेहरों पर खुशी की चमक साफ देखी जा सकती है।

आने वाले दिनों में और बढ़ेगा बूम

व्यापारियों के अनुसार, धनतेरस और रूप चतुर्दशी जैसे-जैसे नजदीक आएंगे, ग्रामीण और शहरी अंचलों से खरीदारों की भीड़ में और इजाफा होगा। कपड़ा और सर्राफा बाजार के साथ-साथ सजावटी सामानों के कारोबार में इस बार रिकॉर्ड बिक्री की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे पूरा भीलवाड़ा बाजार दीपावली पर पूरी तरह गुलजार रहेगा।

दुकानों पर सजीं पारंपरिक व आधुनिक सामग्री

शहर के सूचना केंद्र चौराहा, गोल प्याऊ, बड़ा मंदिर, भोपालगंज, आजाद चौक और संकट मोचन क्षेत्र के बाजारों में ग्राहकों की सुविधा के लिए सजावटी सामान की अस्थाई व स्थाई दुकानें सज गई हैं। इन दुकानों पर हर वर्ग के बजट और पसंद के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध हैं। मुख्य रूप से घरों और प्रतिष्ठानों के द्वारों पर लगने वाली कृत्रिम गेंदा, गुलाब के फूलों की लड़ियां, मोती-सितारों से जड़ी कलात्मक बंदनवारें (तोरण), शुभ-लाभ के स्टीकर और मांडणे खूब पसंद किए जा रहे हैं। इसके साथ ही गोटा-पत्ती, कांच और चमकीले कागज से तैयार हाथ की कारीगरी वाले पारंपरिक उत्पादों की भी खासी मांग देखी जा रही है।

लौह पुरुष पटेल का राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदानः सांसद अग्रवाल

कलेक्ट्रेट से रन फॉर यूनिटी निकली, राष्ट्र की एकता व अखंडता की दिलाई शपथ

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार आज 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया। रन फॉर यूनिटी रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से सांसद दामोदर अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली निर्धारित मार्ग से होते हुए पुलिस लाइन पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। रैली से



पूर्व सांसद अग्रवाल ने मौजूद सभी को देश की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई। सांसद अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय योगदान एवं उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है।

उन्होंने पटेल को नमन करते हुए कहा कि



उनके दृढ़ निश्चयता व कर्मठता की वजह से आजादी के पश्चात देश में एकीकरण का कार्य हुआ जिसमें उनके अमूल्य योगदान रहा। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व नोडल अधिकारी चन्द्रभान सिंह भाटी तथा जिला खेल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी हेमेन्द्र सिंह राणावत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कार्मिक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी, युवा व आमजन मौजूद रहे।





इंदिरा व पटेल का देश की एकता व अखंडता में अहम स्थान

कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि, आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न स्व.इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि तथा प्रथम गृहमंत्री एवं लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा शहर ने कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।

शहर जिलाध्यक्ष शिवराम खटीक के नेतृत्व में उपस्थित कांग्रेसजनों ने दोनों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। सभी ने दोनों महान राष्ट्रनायकों के बताए मार्ग पर चलने तथा उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सभा में वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व, देश की एकता एवं अखंडता के लिए उनके योगदान तथा सरदार वल्लभभाई पटेल की राष्ट्रीय एकता, अखंड भारत के निर्माण और देश की



रियासतों के एकीकरण में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शिवराम खटीक ने कहा कि इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल का देश के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है। दोनों महान नेताओं का जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ संकल्प और देश की एकता एवं अखंडता के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है।

कुणाल ओझा ने बताया कि गांधी और पटेल का योगदान देश हमेशा याद रखेगा। उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा लेकर कांग्रेसजन देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, मंजू पोखरणा, मनोज पालीवाल, भंवर गर्ग, सुरेश बम्ब, पार्षद सत्यवीर सिंह राठौड़, योगेश सोनी, मोहम्मद हारुन रंगरेज, चन्द्र प्रकाश अमरवाल, शिवराज सुराणा, राजकुमार जैन, डॉ. फरियाद मोहम्मद, उदय लाल बलाई, कुन्दन शर्मा, राजेंद्र सिंह राठौड़, भूरा रेगर, दुर्गेश पानेरी, गोवर्धन बलाई, सुरेश चंद पारीक एवं अकरम अली मंसूरी ममता शर्मा से सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


इंदिरा की विदेशी नीति आज की महती आवश्यकता: त्रिपाठी



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी का जीवन दर्शन आज के परिपेक्ष में बहुत ही प्रासंगिक है। जब विश्व स्तर पर भारत पर जबरदस्ती दबाव बनाया जा रहा है , उस समय की इंदिरा गांधी की विदेशी नीति आज भारत की महती आवश्यकता है। ये विचार इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी जीवन दर्शन संस्थान के जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त किए। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन महात्मा गांधी जीवन दर्शन संस्थान के जिला संयोजक अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व और पूर्व केबिनेट मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष रामलाल जाट, जिलाध्यक्ष शहर शिवराम खटीक के आतिथ्य में सर्किट हॉउस के सामने इंदिरा गांधी स्मारक पर किया गया। सहसंयोजक मुस्ताक अली मंसूरी ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मंजू पोखरना, पूर्व प्रधान भंवरलाल गर्ग,युवा समन्वयक एडवोकेट अशोक जैन, ब्लॉक संयोजक गोवर्धन बलाई, सेवादल अध्यक्ष एवं पार्षद योगेश सोनी,पार्षद रेखा हिरण, मनोज पालीवाल, महासचिव शिवराज सुराणा, चन्द्र प्रकाश अमरवाल, कलीम काज़ी, अकरम अली मंसूरी, सुरेश पारीक, महेश सोनी, ममता शर्मा, शमीम बानू, सुरेश बंब, अतुल सुराणा, योगिता सुराणा, रियाज खान, गुणवंत जैन, राजेन्द्र सिंह राठौड़, कुंदन शर्मा,खैमराज पनवा उपस्थित रहे।







ब्रांडेड फैक्ट्री के विशाल शोरूम का भव्य शुभारंभ

समारोह में बॉलीवुड, बिजनेस और आध्यात्मिक जगत की कई जानी-मानी हस्तियां एक मंच पर नजर आई





ब्रांडेड उत्पादों पर मिलेगी 90 प्रतिशत तक की भारी छूट

भीलवाड़ा। चित्तौड़ रोड स्थित ब्रांडेड फैक्ट्री ग्लोबल लिमिटेड के 1 लाख स्क्वायर फीट से अधिक क्षेत्र में फैले विशाल और अत्याधुनिक शोरूम का शुभारंभ 31 अक्टूबर, शनिवार को किया गया। ओपनिंग समारोह में बॉलीवुड, बिजनेस और आध्यात्मिक जगत की कई जानी-मानी हस्तियां एक मंच पर नजर आएंगी। आयोजन में प्रसिद्ध बिजनेस कोच एवं 'बड़ा बिजनेस' के संस्थापक डॉ. विवेक बिंद्रा, मेवाड़ के महाराज लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, अभिनेता व सांसद रवि किशन, अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, इंफ्लूएंसर कुलदीप सिंघानिया, हनुमान अंश फेम सोभिनव सत्या, प्रेरक वक्ता हर्षवर्धन जैन तथा आध्यात्मिक वक्ता देवी चित्रलेखा विशेष रूप से शिरकत की। 'बड़ा बिजनेस' से जुड़ी इस कंपनी की स्थापना डॉ. बसंत गांधी द्वारा की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है। इस नए शोरूम में गारमेंट्स, फुटवियर, फैशन, लाइफस्टाइल और होम फर्निशिंग से जुड़े 200 से अधिक प्रतिष्ठित ब्रांड्स एक ही छत के नीचे मिलेंगे। कंपनी ने शत-प्रतिशत ओरिजिनल प्रोडक्ट्स का दावा करते हुए सभी ब्रांडेड उत्पादों पर 90 प्रतिशत तक की भारी छूट देने की घोषणा की है।

न्यूज इन बाक्स

शहर के मंदिरों में 10 नवंबर को मनेगा अन्नकूट महोत्सव, तैयारियां शुरू

भीलवाड़ा। शहर के प्रमुख देवालयों में इस वर्ष अन्नकूट महोत्सव 10 नवंबर, मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। दीपोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस पावन पर्व को लेकर शहरभर के प्रमुख मंदिरों में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। तिथि और नक्षत्रों को लेकर मेवाड़ के प्रतिष्ठित पंचांगों तथा ज्योतिषीय गणना के गहन विचार-विमर्श के बाद यह सर्वसम्मत निर्णय लिया गया है। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि अन्नकूट की तिथि को लेकर चारभुजा जी बड़ा मंदिर के ट्रस्टियों, पेंच के बालाजी मंदिर के महंत पंडित आशुतोष शर्मा, विभिन्न मंदिरों के पुजारियों और गांव व्यास के विद्वानों के साथ संयुक्त बैठक हुई। बैठक में पंचांगीय व्यवस्था को आधार मानते हुए 10 नवंबर मंगलवार को ही महोत्सव आयोजित करने पर सभी ने पूर्ण सहमति जताई। महोत्सव के दिन देवालयों में विशेष झांकियां सजाई जाएंगी और ठाकुरजी को अन्नकूट व विविध पकवानों का महाभोग अर्पित किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं में महाप्रसाद का वितरण होगा। तिथि तय होने के साथ ही मंदिर कमेटियों ने श्रद्धालुओं के दर्शन और प्रसादी व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए रूपरेखा तैयार करना शुरू कर दिया है।

गौसेवकों ने महापौर को बताई निराश्रित गोवंश की बढ़ती समस्या

भीलवाड़ा। श्रीराम गौसेवा समिति भीलवाड़ा द्वारा नगर निगम महापौर जसवंत कंवर एवं प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह का शॉल एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समिति सदस्यों ने महापौर को समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से किए जा रहे गौसेवा के कार्यों की जानकारी दी। शहर में गोवंश के संरक्षण, संवर्धन तथा घायल एवं बीमार गोवंश के रेस्क्यू और उपचार के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। समिति सदस्यों ने शहर में निराश्रित गोवंश की बढ़ती समस्याओं एवं उनके उचित संरक्षण, उपचार तथा सुरक्षित व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने निगम से गौसेवा के कार्यों में सहयोग की अपेक्षा जताई। समिति सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि नगर निगम प्रशासन एवं श्री राम गौसेवा समिति के आपसी सहयोग से शहर में गोवंश की सेवा, सुरक्षा एवं संरक्षण के कार्यों को नई गति मिलेगी।



पीएल सरेंडर, बोनस व अन्य बकाया भुगतान दिवाली पूर्व करने की मांग

भीलवाड़ा। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर ट्रेजरी से पास होने के उपरान्त भी सीलिंग के नाम पर रोके गए समर्पित अवकाश के नकद भुगतान, बोनस एवं पेंशन सहित अन्य देयकों का दीपावली पूर्व भुगतान करवाने की मांग की है। प्रदेश सह- संगठन महामंत्री प्रेम शंकर जोशी ने बताया कि पिछले चार-पाँच माह से राज्य में ट्रेजरी द्वारा प्रदेश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन के अलावा अन्य सभी बिलों के भुगतान पर अघोषित रोक लगा रखी है, जिससे कर्मचारियों को भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोषागार से पास बिलों के भुगतान नहीं होने से संपूर्ण शिक्षक एवं कर्मचारी वर्ग में रोष एवं निराशा व्याप्त है।

राजेंद्र मार्ग स्कूल के 13 स्काउट नेशनल एडवेंचर शिविर के लिए रवाना

भीलवाड़ा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र मार्ग का स्काउट दल भारत स्काउट एंड गाइड नेशनल एडवेंचर शिविर में भाग लेने के लिए पंचमढ़ी रवाना हुआ। यह शिविर 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित होगा, जिसमें राजेंद्र मार्ग स्कूल के 13 स्काउट चयनित हुए हैं। ये स्काउट विभिन्न साहसिक गतिविधियों में भाग लेकर भीलवाड़ा और राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गहलोत ने बताया कि राजेंद्र मार्ग स्कूल के स्काउट्स ने अब तक कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शिविरों में भाग लेकर भीलवाड़ा और राजस्थान का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कई स्काउट छात्रों ने राज्यपाल पुरस्कार भी प्राप्त किया है। स्काउट मास्टर पवन बावरी के नेतृत्व में स्काउट दल हमेशा सेवा और समर्पण भाव से कार्य करता है। चुनावों में ड्यूटी निभाने के बाद यह दल शिविर के लिए रवाना हुआ है।



सांवरिया सेठ मंदिर में पाटोत्सव की तैयारियां

भीलवाड़ा। नौगांवा स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में पाटोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। मंदिर ट्रस्ट संरक्षक डीपी अग्रवाल एवं सचिव कैलाश डाड के अनुसार, मंदिर स्थापना एवं पाटोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर प्रांगण में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। पाटोत्सव के पावन अवसर पर भगवान सांवरिया सेठ का वेदोक्त मंत्रोच्चार के साथ भव्य महाभिषेक एवं अलौकिक शृंगार दर्शन होगा। सहमंत्री श्रवण सेन ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए दूर-दूर से आने वाले भक्तों के लिए सुगम दर्शन की विशेष व्यवस्था की जाएगी। उत्सव के दिनों में प्रतिदिन विशेष महाआरती का आयोजन होगा।दशम दिवस पर श्रद्धालु अपने घरों से विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन एवं मिष्ठान लाएंगे, जिनका विशाल छप्पन भोग भगवान श्री सांवरिया सेठ को अर्पित किया जाएगा। अन्नकूट महोत्सव के तहत दशहरी को बैलों की विशेष सजावट की जाएगी तथा क्षेत्र के ग्वाल-बालों का विशेष बहुमान व सम्मान किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में विशाल अन्नकूट महाप्रसाद (चौला-चावल) का आयोजन होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करेंगे।

सेवानिवृत्ति पर रक्तदान व पौधरोपण से दिया अनुकरणीय संदेश

भीलवाड़ा। अजमेर विद्युत वितरण निगम में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी पद से सेवानिवृत रामचंद्र मूंदड़ा ने सेवानिवृत्ति दिवस पर परिजनों एवं मित्रों सहित सीताराम गौशाला में गो सेवा एवं पौधरोपण किया। उसके बाद मानवता की सेवा में महात्मा गांधी चिकित्सालय ब्लड बैंक पहुंचकर 72वीं बार रक्त दान किया। रक्त दान शिविर में कैलाश नुवाल, प्रतीक नुवाल, अभिषेक मूंदड़ा, लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, जगदीश मूंदड़ा, सुभाष मूंदड़ा, ललित हेडा, अमन तोतला, बालकिशन सोमानी आदि ने रक्त दान किया। मूंदड़ा ने सेवानिवृत्ति दिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए जागरूकता का अनुकरणीय संदेश दिया। इस अनुकरणीय पहल के लिए मूंदड़ा का अभिनंदन किया गया। सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महात्मा गांधी ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ.दीपक गोयल सहित स्टाफ भी उपस्थित रहा।



विहिप-बजरंग दल द्वारा रक्तदान शिविर कल

भीलवाड़ा। विहिप-बजरंग दल द्वारा महात्मा गांधी ब्लड बैंक में रामभक्तों को श्रद्धांजलि के रूप में रक्त दान शिविर का आयोजन रविवार को किया जाएगा। बजरंग दल के महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने 1990 में राम जन्म भूमि मुक्ति आंदोलन में शहीद हुए राम भक्तों की स्मृति में हो रहे शिविर को लेकर सभी युवाओं से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्त दान कर कार सेवा में शहीद हुए रामभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित करे।



दिवाली-छठ पर पूर्वांचल के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए रेल मंत्री को लिखा पत्र

भीलवाड़ा। दीपावली एवं डाला छठ महापर्व के अवसर पर बिहार व पूर्वांचल के लोगों को अपने गांव शहर आने जाने के लिए स्पेशल ट्रेन चलवाने हेतु रेल मंत्री को मैथिल सेवा संस्थान, भीलवाड़ा ने पत्र लिखा है। संस्थान अध्यक्ष संजय झा ने पत्र में बताया कि उदयपुर, चित्तौड़गढ़ भीलवाड़ा, अजमेर, जयपुर आदि शहरों में बिहार एवं पूर्वांचल के लाखों लोग नौकरी, रोजगार एवं विभिन्न कार्यों के कारण निवास करते हैं, जिसमें से अधिकतर लोग साल में एक बार दीपावली एवं डाला छठ महापर्व मनाने के लिए अपने घर बिहार जाते हैं। यात्रियों के अनुपात में भीलवाड़ा, उदयपुर, जयपुर से बिहार के लिए सीधी रेल सेवा की उचित सुविधा नहीं होने के कारण उन्हें विभिन्न प्रकार की असुविधा और धन हानि होती है। संजय झा ने रेल मंत्री से उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा अजमेर एवं जयपुर रूट पर बिहार तक के लिए नवम्बर में प्रति सप्ताह दो दो स्पेशल ट्रेन चलवाने हेतु आग्रह किया गया है।

बिना सक्षम अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ें चिकित्साकर्मी, सीएमएचओ ने दी हिदायत

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रमों के आवंटित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश



भीलवाड़ा। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार आईएमए हॉल में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिलेभर में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, फ्लैगशिप योजनाओं और मौसमी बीमारियों से बचाव की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में उपस्थित समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं प्रभारियों को आवंटित लक्ष्यों को समय पर शत-प्रतिशत पूरा करने के कड़े निर्देश दिए गए। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीन आने वाले चिकित्सा संस्थानों का नियमित निरीक्षण करें ताकि आमजन को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की निर्धारित समय पर बायोमीट्रिक व भौतिक उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने की स्पष्ट हिदायत दी। इसके साथ ही उन्होंने एचपीवी वैक्सीनेशन, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की समय पर पहचान व उपचार, गर्भवती महिलाओं को 104 व 108 एम्बुलेंस का त्वरित लाभ दिलाने, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत ऑनलाइन पंजीकरण तथा एनसीडी स्क्रीनिंग की गति तेज करने पर बल दिया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर ने परिवार कल्याण सेवाओं, पीपीआईयूसीडी, एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान तथा शक्ति दिवस के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की।

उन्होंने कम प्रगति वाले ब्लॉकों को विशेष कार्ययोजना बनाकर सुधार करने और स्कूलों में आयरन-फॉलिक एसिड की गोलियों का वितरण शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अशोक खटवानी ने मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना के प्रभावी संचालन और समयबद्ध ऑनलाइन रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाने और टीपीटी कवरेज में तेजी लाने पर जोर दिया। डीपीसी मां योजना प्रदीप दाधीच ने आभा आईडी निर्माण तथा सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मुख्यमंत्री आयुष्मान राहत योजना के तहत त्वरित कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया समझाई। बैठक में डॉ. दिलराज मीणा सहित समस्त बीसीएमओ, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी और शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

कोठारी नदी भदाली खेड़ा पुलिया पर ब्लेक स्पॉट सुधारें रामस्नेही अस्पताल के सामने अवैध कट बंद करें

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एडीएम ने दिए निर्देश



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के सदस्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता राजीव जैन द्वारा पूर्व बैठक की अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में एन.एच. एवं एस.एच पर स्थित समस्त अवैध कट को बंद करने के निर्देश दिए गए। कोठारी नदी (भदाली खेड़ा पुलिया) पर बने ब्लेक स्पॉट पर परमानेंट रेक्टिफिकेशन तथा रामस्नेही अस्पताल के सामने स्थित अवैध कट को बन्द करने हेतु यूआईटी को निर्देश दिए गए। गंगापुर तिराया से आरटीओ ऑफिस पुर रोड़ तक के सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर के सुधारीकरण के लिए नगर निगम/नगर विकास न्यास / अधिशाषी अभियन्ता सानिवि खण्ड भीलवाड़ा को निर्देश दिये गये।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित 23 ब्लेक स्पॉट व शहरी क्षेत्र के 9 ब्लेक स्पॉट पर स्थाई सुधारीकरण करने के निर्देश प्रदान किये गये। जिले की समस्त एनएचएआई को आरओडब्ल्यू के अन्दर आ रही अवैध शराब की दुकानों का संयुक्त सर्वे कर उनको हटाने हेतु आबकारी विभाग को कहा गया। शहर के विभिन्न स्कूल, मंदिर, सामुदायिक भवन, मैरिज गार्डन के यहां सड़कों / चौराहों पर जेबरा क्रोसिंग, रंबल स्ट्रीप लगाने, लाईनिग का कार्य व चौराहा विकसित करना एवं रंग-रोगन व सफाई का कार्य के निर्देश प्रदान किये गये। शहर की सभी सड़कों पर दीपावली से पूर्व जंगल सफाई, पेच रिपेयर व व्हाईट लाईन करवाने के निर्देश दिये गये।

कोटड़ी चौराहा पर पाइप लाइन से पानी का रिसाव

एडीएम देवठिया ने एनएच-758 पर स्थित कोटड़ी चौराहा पर पानी की पाईप लाईन से हो रहे रिसाव को बन्द करने के लिए पीएचईडी को निर्देश दिए। एनएच के समस्त अण्डरपास के दोनों साईड सर्विस रोड़ पर स्पीड ब्रेकर, रम्बल स्ट्रीप व मिरर लगाने के निर्देश दिए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकें।

ये भी दिए निर्देश

- नेशनल एवं स्टेट हाईवे पर नो पार्किंग जोन में वाहनों को खड़े करने वाले वाहन चालकों एवं विपरीत दिशा से आने वाले वाहनों के चालकों को पहले समझाइश करना, फिर चालान बनाने के निर्देश दिए।
- ट्रेक्टर, ट्रोलियों, अर्थमूवस व अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाएं।
- सर्द ऋतु में कोहरे को ध्यान में रखते हुए जिला परिवहन एवं नगर निगम को 15 दिवस का केम्प लगाएं।
- सड़कों से निराश्रित पशुओं को सरकारी काइन हाउस तथा आवारा स्वानों को डॉग सेल्टर में पहुंचाएं।
- शहर के चौराहों पर अस्थाई एवं स्थाई दुकानदारों द्वारा सड़क पर किए अतिक्रमण हटाएं।
- शहर में चौराहों का सौंदर्यीकरण कराएं।
- शिवाजी गार्डन पर ट्रांसफार्मर एवं बडला चौराहे से मंगलपाण्डे सर्किल तक अति मण हटाना के निर्देश दिए।
- ओवरलोड परिवहन वाहनों एवं नियमों का उल्लंघन करने पर चालक लाइसेन्स निरस्त करें।
- बिना हेलमेट व शराब पीकर वाहन चलाने के विरुद्ध चालान करें।

प्रतिकूलता में भी लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता का मंत्र-पद्मश्री नुवाल

मेवाड़ चैंबर ने किया स्वागत, नुवाल ने बताए सफलता के मंत्र

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा





व्यापार और उद्योग में हर समय परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहतीं। सफल व्यक्ति वह है, जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपने कार्य के प्रति उतना ही दृढ़, संकल्पित और समर्पित रहता है, जितना अनुकूल परिस्थितियों में। कोई भी कार्य व्यक्ति के संकल्प से बड़ा नहीं होता। जीवन में प्रतिकूलता का भी विशेष महत्व है, क्योंकि यही हमें संभलना और आगे बढ़ना सिखाती है। ये विचार पद्मश्री सत्यनारायण नुवाल ने मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में 'सफलता के मंत्र' विषय पर चर्चा करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए कार्य करना भगवान की पूजा के समान है। अपनी जीवन यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि व्यापार और उद्योग की शुरुआत में उन्होंने समझा कि इंसान की मजबूरी और अभाव की पीड़ा क्या होती है। धर्म एवं गायत्री परिवार के प्रति समर्पण ने उन्हें यह सीख दी कि भगवान जब किसी को कुछ देना चाहते हैं, तो उससे पहले उसकी पात्रता की परीक्षा भी लेते हैं।

नुवाल ने कहा कि देश ने उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह सम्मान उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि सोलर ग्रुप के 15 हजार से अधिक सहयोगियों की कार्यनिष्ठा और समर्पण का सम्मान है। आज हम देश की रक्षा के उपकरण बनाने के क्षेत्र में कई नए प्रयोग कर रहे हैं, जिनमें से अनेक प्रयोग विश्व में पहली बार किए जा रहे हैं। इस अवसर पर संगम ग्रुप के चेयरमैन आर.पी. सोनी ने कहा कि सत्यनारायण नुवाल की जीवन गाथा से हमें यह सीख मिलती है कि समय के साथ बदलाव, नई सोच और नए प्रयोग करने का साहस ही व्यक्ति को आगे बढ़ाता है। धन अर्जित करने के बाद उसका राष्ट्र, समाज एवं धर्म के हित में सदुपयोग करना ही धन के साथ यश की भी वृद्धि करता है। चैम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने कहा कि मेवाड़ की भूमि के इन उद्यमियों ने अपनी लगन एवं कर्मठता से मेवाड़ को भी लक्ष्मीपुत्रों की धरती बना दिया है। इससे पूर्व एस.पी.नाथानी एवं आर.पी. सोनी ने मेवाड़ी पाग एवं शॉल पहनाकर तथा डॉ.आर.सी. लोढ़ा एवं आर.के.जैन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। पूर्वाध्यक्ष डॉ.एस.एन.मोदानी, डॉ.पी.एम. बेसवाल, दिनेश नौलखा, उपाध्यक्ष पंकज ओस्तवाल, संयुक्त सचिव एन.के. जैन, कोषाध्यक्ष एस.के. सुराणा सहित विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी माल्यार्पण कर नुवाल का स्वागत किया।

वरिष्ठ नागरिक मंच मनाएगा दीपोत्सव स्नेह मिलन, तीन पीढ़ियों के संग होगी फोटो प्रतियोगिता

भीलवाड़ा। वरिष्ठ नागरिक मंच की ओर से नवंबर माह में आयोजित होने वाले विविध सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा शनिवार को जारी की गई। मंच अध्यक्ष मदन खटोड़ ने कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए बताया कि 2 नवंबर को शाम 4 बजे वरिष्ठ नागरिक भवन में कार्यकारिणी की विशेष बैठक होगी, जिसमें आगामी आयोजनों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। मंच की मासिक बैठक 3 नवंबर को सुबह 9.30 बजे वरिष्ठ नागरिक भवन में होगी। इस दौरान जैन संत युवाचार्य महेंद्र ऋषि का पावन सानिध्य व आशीर्वचन प्राप्त होगा। बैठक में नए जुड़े सदस्यों तथा नवंबर में जन्मदिवस वाले वरिष्ठ नागरिकों का अभिनंदन किया जाएगा। इसके संयोजन की जिम्मेदारी मूलचंद बाफना, मंजू खटोड़ व कैलाश पुरोहित को सौंपी गई है। मंच की ओर से दीपावली पर तीन पीढ़ियों के संग फोटो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी अरुण आचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21,000 रुपए, द्वितीय 11,000 रुपए, तृतीय 5,100 रुपए तथा 2,100 रुपए के 10 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। त्योहारी व्यस्तता के चलते नवंबर में होने वाली सृजन काव्य गोष्ठी व महिला भजन संध्या स्थगित रहेगी। 14 नवंबर को आरकेआरसी माहेश्वरी भवन में भव्य दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित होगा। 22 नवंबर को दोपहर 2 बजे सूरज सक्सेना के संयोजन में स्वर संगम संगीत कार्यक्रम वरिष्ठ नागरिक भवन में आयोजित होगा।

भाविप के शिविर में महिलाओं ने सीखे डिजाइनर बैग और मिनिएचर क्राफ्ट बनाने के गुर



भीलवाड़ा। महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने की दिशा में भारत विकास परिषद, स्वामी विवेकानंद शाखा की ओर से महिला जागरूकता एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रकल्प के तहत एक अनूठी पहल देखने को मिली। शाखा के तत्त्वावधान में तेजस्विनी - समर्थ संस्कार सफलता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रज्वलन और हुनर आत्मनिर्भरता विषयक विशेष कौशल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जो महिलाओं के लिए बेहद प्रेरणादायी साबित हुआ। शिविर के दौरान हुनरमंद बनने की चाह रखने वाली महिलाओं और युवतियों को आधुनिक एवं उपयोगी कलाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसमें प्रतिभागियों को कपड़े के सुंदर चैन वाले बैग तथा आकर्षक पेंटिंग से सजे डिजाइनर बैग बनाने का हुनर सिखाया गया। घर की साज-सज्जा को और अधिक खूबसूरत बनाने के लिए आकर्षक डिजाइनों में मिनिएचर और मिनी फ्लावर पॉट्स तैयार करने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व युवतियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सभी ने पूरी तन्मयता के साथ नई कलाएं सीखने में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर महिला संयोजिका श्रीमती अनु हिम्मतरामका ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के लिए भाजपा ने बनाई सात विशेष टीमें

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ अभियान के तहत भाजपा जिला संगठन ने सात विशेष टीमों की घोषणा की है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के लिए जिला स्तरीय अभियान टोली का गठन किया गया जिसमें 47 सदस्य होंगे। भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने बताया कि जिला स्तरीय अभियान टोली में जिला संयोजक उदयलाल भडाना विधायक मान्डल, प्रहलाद त्रिपाठी जिला महामंत्री, अनिल दाधीच पूर्व जिला महामंत्री, जिला सहसंयोजक बाबूलाल आचार्य ,भरत सिंह पड़ासोली, शंकर जाट हरनी पार्षद बनाए गए हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस अभियान पहली टीम में महावीर समदानी जिला मीडिया संयोजक, शशांक बिरला, मनोज बुलानी जिला प्रवक्ता, दूसरी टीम लोकतंत्र बचाओ अराजता हटाओ पदयात्रा में जसवंत कवर महापौर, राधेश्याम सोमानी उप महापौर, कल्पेश चौधरी, अमर सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष, सुरेंद्र सिंह मोटरास जिला मंत्री, रामलाल चौधरी जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, यशोवर्धन सेन जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा, रेखा पुरी पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, लोकेंद्र सिंह महामंत्री किसान मोर्चा, सीमा जांगिड़ शामिल किए गए। तीसरी टीम राष्ट्रीय चिंतन संवाद बौद्धिक संवाद में प्रहलाद त्रिपाठी, ललित अग्रवाल, रोशन मेघवंशी, हरीश भट्ट, अजय नौलखा जिला आईटी संयोजक, मोहिनी माली पार्षद को सम्मिलित किया गया। चौथी टीम में लोकतंत्र बनाम अराजकता- युवा संवाद में कुलदीप शर्मा जिला उपाध्यक्ष, पियूष सोनी, प्रतीक सिंह, जगदीश गुर्जर, राधेश्याम जाट, सिद्धार्थ पाराशर , पांचवी टीम में लोकतंत्र बनाम अराजकता- छात्रों की प्रति स्पर्धा के लिए विशाल गुरुजी जिला उपाध्यक्ष भाजपा, ज्योति आशीर्वाद, लव कुमार जोशी, पंकज प्रजापत, रौनक हिंगड़, कुलदीप शर्मा, छट्ठी टीम में घुसपेठिया हटाओ लोकतंत्र बचाओ के लिए गोपाल तेली, आरती कोगटा, रवि पुरी गोस्वामी, शंभू वैष्णव, शुभम शर्मा, मंगल सिंह पुरावत एवं सातवीं टीम में विशेषांक पत्रिकाए के लिए अभीश्रुता सोलंकी जिला प्रवक्ता, रागिनी गुप्ता,महेंद्र नायक, आकाश मालावत जिला सोशल मीडिया को सम्मिलित किया गया है।

राजस्थान सरकार

राष्ट्र की एकता और अखंडता के शिल्पी,
लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी
की जन्मशति पर कोटि-कोटि नमन



राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं

लौहपुरुष सरदार पटेल जी ने अपने अटूट संकल्प और दृढ़ इच्छाशक्ति से भारत की एकता की नींव रखी। आज का राष्ट्रीय एकता पर्व हमें उनके आदर्शों पर चलने और संकल्प दोहराने का अवसर देता है।

भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्पलेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

जब तक सजा का प्रावधान नहीं होता। संस्थान ग्राहकों की पीड़ा को गंभीरता से नहीं लेता। सजा मिलेगी तो व्यवस्था भी सुधरेगी।

शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता

दैनिक लोकजीवन

डिजिटल धोखाधड़ी : बैंक मुआवजा दे ...

गरीब अनपढ़ ही नहीं पढ़े-लिखे और समझदार लोग, विशेषकर सेवानिवृत, वृद्धजन साइबर धोखाधड़ी व डिजिटल अरेस्ट के शिकार हो रहे है आये दिन अखबारों में इस प्रकार की खबरें प्रकाशित हो रही है। कोई दिन ऐसा नहीं जब लोग साइबर ठगी के शिकार हुए हो गाढ़ी कमाई की रकम बैंक में जमा करवा कर सुरक्षित भविष्य का सपना देखने वालों के पांव तले जमीन ही खिसक जाती है। जब साइबर ठग चंद मिनटों में उनके खाते में जाम रकम ले उड़ते है। कोई न कोई बहाने से मोबाइल सक्रिय करवा कर न केवल बैंक खाते में जमा रकम ले उड़ते है। कोई न कोई बहाने से मोबाइल सक्रिय करवा करन केवल बैंक खाते की जानकारी हासिल करते है। बल्कि तत्काल खाते से रकम भी निकाल कर लूट को अंजाम देते हे। कभी विवाह निमंत्रण तो कभी परिवारजन की कहानी। अभी हाल में नया तरीका सामने आया जिसमें कोई डॉक्टर अथवा अस्पताल सर्च कर रहा है तो ठगों का फोन आएगा कि आपके लिए डॉक्टर का अपाईटमेंट ले लिया है और इसी बहाने खाते से रकम उड़ा रहे है। साईबर पुलिस जितनी सक्रिय हो रही है। अपराधी ठगी के तरीके बदल-बदल कर लोगों को जाल में फंसा रहे है। 1930 पर शिकायत सहित लोगों को सावधान किया जा रहा है लेकिन ठगी की घटनाएं रूकने के बजाय बढ़ ही रही है गत दिनों यह भी सामने आया ठग बैंकों में भी सेंध मारने में सफल हो रहे है ऐसे में निर्दोष खाताधारकों अर्थात बिना गलती ठगी के शिकार लोगों की सुरक्षा के उपाय जरूरी हो गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरूवार को डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी नहीं रूकने पर हैरानी और नाराजगी व्यकत की। कोर्अ ने मंशा जताई कि ग्राहकों खासकर बुजुर्गों की बिना गलती के धोखाधड़ी से रकम निकाले जाने के मामलों में बैंकों का जिम्मेदार ठहराया जाएगा। और ग्राहक को फ्रॉड की पूरी रकम लौटाने के निर्देश देने होंगे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बैंच ने बुजुर्ग से डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी के स्वतः संज्ञान मामले में सुनवाई के दौरान यह मंशा जाहिर की। सीजेई ने कहा कि बैंक को पेमेन्ट करना होगा। यहीं एक तरीका है जिम्मेदारी सिर्फ एक अधिकारी तक सीमित नहीं रह सकती। जब तक इन बैंकों को सजा देने का कोई आदेश नहीं होगा। ये कभी नहीं सुधरेंगे। जस्टिस बागची ने कहा कि बैंकों के पास संदिग्ध खातों को पूरा डेटा रहता है अगर किसी ग्राहक के खाते में असामान्य लेन-देन होता है और वह डिजिटल अरेस्ट ठगी का शिकार हो सकता है। तो ऐसे मामलों में बैंकों की जिम्मेदारी है कि वे तुरन्त नजदीकी थाने को सूचित करें। आज आवश्यकता इस बात की है कि बैंक ठगी के शिकार ग्राहक को रकम लौटाने की व्यवस्था करें। ऐसा हुआ तो रिजर्व बैंक ऐसा तंत्र विकसित करेगा कि ठग संदिग्ध खातों पर नकेल कसकर नियंत्रित कर पाएगा।

कड़वी घूंट -सूरज

खातों से 35 करोड़ गायब ...

लोग भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर जीवनभर की कमाई से हुई बचत को बैंक में रखकर निश्चिंत हो जाता है उसे भरोसा है कि बैंक सबसे अधिक विश्वसनीय है। जहां बचत पर थोड़ी ही सही परन्तु ब्याज भी मिलता रहेगा और जब भी जरूरत होगी तत्काल रकम निकाली जा सकेगी अर्थात साहूकार से भी अधिक सुरक्षा बैंक में होती है।

विपरित इसके जमाकर्ताओं को बैंक पर संदेह होने का सवाल ही नहीं चाहे पास बुक में एन्ट्री हो या न हो, एफडी की तारीख बदलवाये या न बदलवाये। स्वतः ही नवीनीकरण होता रहता है । उन्हें क्या पता कि फ्रॉड या गबन करने वाले कब उनके खाते से रकम निकाल चुके या एफडी की रकम ही हजम कर चुके है।

इस क्रम में ग्रेटर नोएडा की एच्छर गांव की पीएनबी शाखा में जमाकर्ताओं के खातों से 35 करोड़ रूपये में गायब हो गये। एक ग्राहक के खाते में रकम कम होने की जानकारी के बाद ग्राहक बैंक पहुंचने लगे और धरना दिया। ज्यादातर पीड़ित जमीन के मुआवजे वाले है। 75 वर्षीय बुजुर्ग ने साढ़े 17 लाख जमा कराये। दो साल में कोई लेन-देन नहीं किया, बैलेंस पूछा तो मात्र 61 हजार बताये। एक अन्य की बेटी के इलाज के लिए 10 लाख की एफडी थी, एफडी तुड़ाने आये तो पता चला कि एफडी है ही नहीं। अब यह आप जानो कि मैनेजर सहित 5 कर्मी सस्पेंड कर नया स्टाफ लगाया और जांच शुरू की लेकिन पीड़ित खाताधारकों की तो दुनिया ही लुट गई।

गुजरात से वोट डालने आ रहे युवक की नीलगाय के बीच में आने से हुए हादसे में मौत

भीलवाड़ा। लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का उपयोग करने की उम्मीद लेकर गुजरात से अपने पैतृक गांव लौट रहे एक 41 वर्षीय युवक की रास्ते में हुए भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। सरपंच और वार्ड पंच के चुनाव में मतदान करने आ रहे युवक की कार के सामने अचानक नीलगाय आ जाने से यह हादसा हुआ, जिससे पूरे गांव में मतदान की खुशी मातम में बदल गई।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कमांक भू.उ.प. 1138/2026/Rajkaj दिनांकः 29.10.2026

:: सार्वजनिक सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सोनल लढ़ा पत्नी श्री पवन लढ़ा निवासी भीलवाड़ा द्वारा ग्राम मलाण की आराजी नं. 415/2 में स्थित भूखण्ड संख्या 316 क्षेत्रफल 178.37 वर्गमीटर का आवासीय से मिश्रित (व्यावसायिक एकल उपयोग) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते न्यास कार्यालय में आवेदन किया है।

उक्त भूमि का जोनल डवलपमेन्ट जोन E (1) में भू-उपयोग आवासीय उपयोग दर्शा रखा है। आवेदित भूमि का मिश्रित (व्यावसायिक एकल उपयोग) उपयोग वास्ते भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने में किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में न्यास कार्यालय में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक/भूखण्ड प्रथम/2026/mut 4721 दिनांक-----

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा श्री मांगीलाल पुत्र श्री सोला बैरवा को न्यास की योजना आजादनगर में भूखण्ड संख्या ई-47 साईज130.67 वर्गगज दिनांक 02.08.2013 को नियमन किया गया है।

इस कार्यालय को प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार श्री मांगीलाल पुत्र श्री सोला बैरवा की मृत्यु दिनांक 25.04.2018 को हो जाने से मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारीसान रिर्पोट एव रिलीज डीड के आधार पर श्रीमती अलोलबाई पत्नी स्व. श्री शंकरलाल बैरवा के पक्ष में कर दिया गया एवं इनके द्वारा उक्त भूखण्ड के नामातंरण/पंजियन बाबत् आवेदन पत्र कार्यालय को प्रस्तुत किया गया है अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी उजरदारी मय सबूत/ दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने आगामी कार्यवाही संपादित की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

खजूरी में कचरा निस्तारण व्यवस्था की खुली पोल : प्लास्टिक और गंदगी के बीच घूम रही गायें, धुएं से गंभीर खतरा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, जहाजपुर

ग्राम पंचायत खजूरी में स्वच्छता और कचरा निस्तारण के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। गांव में खुले स्थानों पर कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं और जगह-जगह कचरा जलता हुआ दिखाई दे रहा है। इन कचरे के ढेरों के बीच बेसहारा गौवंश भोजन की तलाश में भटक रहा है, जिससे गायों द्वारा प्लास्टिक और दूषित अपशिष्ट खाने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है। कचरे में जलने वाली प्लास्टिक से उठने वाला जहरीला धुआं न केवल पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, बल्कि आसपास के रहवासियों के स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा संकट बनता जा रहा है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा विरोधाभास गौशाला की भूमिका को लेकर सामने आया है। पूर्व में जिस स्थान पर



कचरा डालने का गौशाला से जुड़े लोगों ने पुरजोर विरोध किया था, अब उसी स्थान पर कथित तौर पर गौशाला के ट्रैक्टर से कचरा एकत्रित करके डाले जाने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों का सवाल है कि जिस व्यवस्था को पहले गलत बताया गया था, उसमें अब इस प्रकार की संलिप्तता क्यों और कैसे हो गई? गौमाता की सेवा और संरक्षण के बड़े-बड़े दावों के विपरीत जमीन पर यह तस्वीर बेहद चिंताजनक है, जहां बेजुबान पशुओं की जान जोखिम में डाली जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर कचरा प्रबंधन की व्यवस्था पूरी तरह विफल नजर आ रही है। वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से कचरे का निस्तारण करने के बजाय उसे खुले में छोड़ना और जलाना नियमों की खुली धज्जियां उड़ा रहा है। इससे पंचायत प्रशासन की कार्यशैली पर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। गंभीर होती इस स्थिति को देखते हुए अब ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों की मांग है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए, गौशाला के ट्रैक्टर की भूमिका को स्पष्ट किया जाए, खुले में कचरा जलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और गौवंश को इस जानलेवा खतरे से सुरक्षित रखने के लिए तुरंत वैकल्पिक और उचित कचरा प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

विकास कार्यों और एजेंडों पर बनी सहमति, गांधी नगर कॉलोनी के विकास की उठी मांग

लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

कस्बे में नवगठित पालिका बोर्ड की प्रथम बैठक पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष ममता मोदी की अध्यक्षता और क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत की विशेष उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत अधिशासी अधिकारी विकास कुमावत के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसके बाद पालिकाध्यक्ष ने 14 सूत्रीय एजेंडा सदन के समक्ष रखा। बैठक में क्रय-विक्रय सहकारी समिति को भूखंड आवंटन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने, वार्डों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने और आगामी दीपावली पर बाजारों में रोशनी व सजावट कराने पर सर्वसम्मति से सहमति जताई गई। हालांकि, केवल पालिका कर्मचारियों को भूखंड आवंटन के प्रस्ताव पर विरोध के चलते पेंच फंस गया, जबकि पार्षदों ने दीपावली पर अपने लिए मिठाई न लेकर केवल पालिका कर्मचारियों को ही मिठाई वितरित करने का सराहनीय निर्णय लिया। शहर की गंभीर पेयजल समस्या पर चर्चा करते हुए विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने जल जीवन मिशन के



तहत चंबल परियोजना से जोड़कर जलापूर्ति सुचारू करने का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने विद्युत व्यवस्था सुधारने, लोहे के खंभों को हटाकर सीमेंट के खंभे लगाने और बिजली के रखरखाव को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बैठक के दौरान पार्षद जुगल किशोर अरोड़ा ने दो दशकों से उपेक्षित गांधी नगर आवासीय कॉलोनी के विकास का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने मांग की कि कॉलोनी के भूखंडों की नीलामी से प्राप्त राशि का उपयोग इसी क्षेत्र के विकास कार्यों में किया जाए, जिसमें महिला रु स्नानागार, सड़क निर्माण और बिजली की समस्याओं का समाधान शामिल हो। इसके अतिरिक्त, शहर में पट्टे जारी करने, परिसीमन के बाद जुड़े नए ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने और सुरक्षा की दृष्टि से लोहे के खंभे हटाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी गंभीर मंथन हुआ। पालिकाध्यक्ष ममता मोदी ने सभी जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि शहर के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे। बैठक में उपाध्यक्ष खुशबू लुणावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष अनिता मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में पार्षद और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

श्री महेश पब्लिक स्कूल प्राइमरी विंग में दो दिवसीय 'बाल संस्कार शिविर' आयोजित

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

श्री महेश सेवा समिति के तत्वावधान में श्री महेश पब्लिक स्कूल प्राइमरी विंग द्वारा 3 व 4 नवंबर 2026 को रामेश्वरम, भीलवाड़ा में दो दिवसीय 'बाल संस्कार शिविर' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के निर्देशक एवं विद्यालय प्रभारी श्री दिनेश जी शारदा ने जानकारी दी कि इस शिविर में कक्षा 3 से 5 तक के कुल 248 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इसमें संस्था के विद्यालयों के साथ-साथ समाज के अन्य बच्चे भी शामिल हो रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना और उनमें नैतिक मूल्यों का संचार करना है। इस दो दिवसीय आयोजन के दौरान योगासन, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, वैदिक खेल, भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी, बौद्धिक व्यायाम, मंत्रोच्चारण, प्रेरणादायक कहानियाँ और रचनात्मक गतिविधियों जैसे अनेक रोचक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नराणीवाल ने कहा कि संस्कार ही जीवन की वास्तविक पूँजी हैं और बाल्यावस्था में दिए गए अच्छे संस्कार बच्चों के आदर्श व्यक्तित्व निर्माण की मजबूत नींव रखते हैं। समिति के सचिव राजेंद्र कुमार कचोलिया ने कहा कि यह शिविर बच्चों में अनुशासन, सहयोग, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना और बड़ों के प्रति सम्मान जैसे जीवनोपयोगी गुणों का विकास करेगा। कोषाध्यक्ष श्री राजेश जी बाहेती ने बताया कि व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से बच्चों में समय का सदुपयोग, आपसी सहयोग, आत्मविश्वास और जिम्मेदारी जैसे गुण विकसित होंगे। प्रधानाचार्या श्रीमती निधि झा भार्गव ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए शिविर में शैक्षणिक, आध्यात्मिक, रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों का समावेश किया गया है, जो बच्चों में सकारात्मक दृष्टिकोण और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करेंगी।

आस्था की अनूठी मिसालः 5 महीने में 6 राज्यों की पैदल यात्रा

भीलवाड़ा। बिजयनगर के पास स्थित ग्राम जालिया-2 के सुनील कुमार शर्मा की कठिन भक्ति और आस्था की एक प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई है। पिछले 5



महीनों से निरंतर पैदल यात्रा कर रहे सुनील शर्मा चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। वे आज भीलवाड़ा पहुंचे। वार्ड नंबर 68 गायत्री नगर में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ता विनोद अग्याल एवं उपस्थित सहयोगियों ने पदयात्री सुनील शर्मा का गायत्री नगर स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में माला पहना तिलक लगाकर स्वागत करते हुए उनकी भक्ति भावना को नमन किया। सुनील से उनकी यात्रा के अनुभव जाने। पदयात्री सुनील शर्मा ने बताया कि वे अब तक देश के 6 राज्यों की सीमाएं लांघते हुए बाबा केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम, खाटू श्याम जी, पवित्र धाम वृंदावन और श्री गोवर्धन पर्वत की सफल परिक्रमा व दर्शन पूरे कर चुके हैं। अपनी

इस आध्यात्मिक यात्रा को जारी रखते हुए सुनील भीलवाड़ा से प्रसिद्ध धाम सांवरिया सेठ (चित्तौड़गढ़) के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि सांवरिया सेठ के दर्शन के पश्चात वे गुजरात स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ अंबा माताजी के दर्शन हेतु प्रस्थान करेंगे और पूरे भारतवर्ष की यात्रा को पूर्ण करेंगे। इस अवसर पर सुवालाल, भागचंद, पवन, रोहित, श्याम लाल, रामदेव तेली, दिनेश, भैरू सिंह, देवा लाल, आर्यन, नारायण, सोनू, शांतिलाल, गोवर्धन, निलेश, अभिषेक, दिलीप, भगवान सिंह, जगदीश सहित अन्य वार्डवासी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

सीमा तपारिया तलाशेंगी शेमारूमी के शो 'एक कन्या कुंवारी' में शिवानी के लिए सही जीवनसाथी

मुम्बई। भारतीय परिवारों में विवाह के लिए रिश्ता तलाशना केवल दो लोगों का मेल नहीं, बल्कि पसंद, नापसंद, परिवार की राय और कई मापदंडों से जुड़ी एक लंबी प्रक्रिया है। इसी दिलचस्प प्रि या को दर्शकों के सामने लाने के लिए शेमारूमी ने भारत की प्रसिद्ध रिश्ता विशेषज्ञ सीमा तपारिया के साथ हाथ मिलाया है। इस अनूठी साझेदारी के तहत, शेमारूमी की नई हिंदी ओरिजिनल सीरीज़ एक कन्या कुँवारी के मुख्य किरदार शिवानी दवे के लिए उपयुक्त जीवनसाथी की तलाश की जाएगी। यह शो गुजराती ड्रामेडी पर आधारित है, जिसमें शिवानी पारंपरिक अरेंज्ड मैरिज की अनिश्चितताओं से गुजरते हुए कई संभावित जीवनसाथियों से मिलती हैं। अपने अनूठे अंदाज़ और लोगों की शख्सियत व पारिवारिक पृष्ठभूमि को समझने की कला के लिए मशहूर सीमा तपारिया इस शो



की दुनिया में कदम रख चुकी हैं। वर्ष 2005 से पेशेवर रूप से रिश्ता तय कराने के क्षेत्र में सर्ि य सीमा अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए शिवानी के लिए सही वर की तलाश करेंगी। उनका यह जुड़ाव शो को वास्तविक जीवन से जोड़ता है, जहां वे आपसी तालमेल और अपेक्षाओं को करीब से परखती हैं। इस साझेदारी पर बात करते हुए सीमा तपारिया ने कहा कि रिश्ता तय करना केवल बायोडाटा का मिलान नहीं है, बल्कि व्यक्ति, उसके संस्कारों और जीवनसाथी से उसकी अपेक्षाओं को समझना है। उन्होंने कहा कि शो में सही जीवनसाथी की तलाश के दौरान आने वाली मस्ती, उलझनों और भावनाओं को बेहद सहजता से दर्शाया गया है। आखिरकार, आपसी तालमेल और समझ ही किसी भी रिश्ते को सफल बनाते हैं। सीमा की इस रोमांचक उपस्थिति से शो की कहानी और अधिक दिलचस्प हो गई है, जिससे दर्शकों को मनोरंजन का एक नया अनुभव मिलने की पूरी उम्मीद है।

डीएलएसए सचिव ने उपकारागृह शाहपुरा का किया औचक निरीक्षण

बंदियों को दी निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश श्रीमती रश्मि आर्य ने उपकारागृह शाहपुरा का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कारागृह में निरुद्ध बंदियों को मिल रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और जेल प्रशासन से साफ-सफाई, पेयजल, बिजली तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान श्रीमती आर्य ने बंदियों से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याओं, चिकित्सा सुविधाओं और उनके न्यायालय में लंबित प्रकरणों की स्थिति के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए निःशुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र बंदी अपने



मुकदमों की प्रभावी पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। जिन बंदियों के पास अपने वकील नहीं हैं, उनके विधिक सहायता आवेदन तुरंत भरवाकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने जेल प्रशासन को कड़े निर्देश दिए कि बंदियों को नियमानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर मिलनी चाहिए और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण होना चाहिए। उन्होंने परिसर में स्वच्छता और पेयजल की व्यवस्थाओं को सदैव सुचारू बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। इस निरीक्षण के दौरान उपकारागृह शाहपुरा के जेलर किशन लाल मीणा, निजी सहायक दीपक अग्रवाल, तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा के सचिव शिवराज धाकड़ और पैरालीगल वॉलंटियर रीना देवी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार के नियमित निरीक्षणों से न्याय प्रणाली और कारागार व्यवस्था के बीच समन्वय बेहतर होता है और बंदियों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित होता है।


महिलाओं को बांटे गए पंपलेट, एफएसटीपी परियोजना की दी जानकारी



लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के तत्वावधान में नरसिया रोड पर महिलाओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट महेंद्र सिंह राणावत ने उपस्थित महिलाओं को पंपलेट वितरित कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मलमूत्र को सुरक्षित रूप से टैंकों में भरकर जहाजपुर रोड पर बन रहे फैकल स्लॉट ट्रीटमेंट प्लांट में उपचारित किया जाएगा, जिससे गंदगी से निजात मिलेगी और स्वच्छ वातावरण का निर्माण होगा। महिलाओं को मानसून के दौरान विशेष सावधानी बरतने, जलभराव से उत्पन्न होने वाले मच्छरों और बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, कचरा केवल नगर पालिका की अधिकृत कचरा गाड़ी में ही डालने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ का नारा देते हुए सरकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। इस आयोजन में मोहम्मद मोहिन मंसूरी का विशेष सहयोग रहा।

एक शब्द बदल सकता है जीवन की दशा और दिशा : आचार्य पुलकसागर महाराज



भीलवाड़ा। हमारा आचरण और व्यवहार ही हमारी ग्रह दशा तय करता है। क्रोध में ऊंची आवाज में बात करने से भले ही कुंडली के ग्रह खराब हों या न हों, लेकिन वर्तमान के ग्रह अवश्य खराब हो जाते हैं। यदि ग्रहों की दशा सुधारनी है तो सबसे पहले अपना व्यवहार सुधारना होगा। शुद्ध भावों से मीठे शब्द बोलने मात्र से ही सारे ग्रह अनुकूल हो जाते हैं। यह विचार शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में आयोजित चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला के दौरान राष्ट्र संत आचार्य पुलकसागर महाराज ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संत प्रवचन इसलिए देते हैं ताकि न जाने कौन-सा शब्द मन को छू जाए और जीवन परिवर्तित हो जाए। र%वली का एक शब्द तुलसीदास के मन को लग गया तो वे तुलसीदास से संत तुलसीदास बन गए। किसी एक शब्द के कारण मन में वैराग्य के भाव जागृत हो सकते हैं। संत की वाणी कितनों ने सुनी, यह मायने नहीं रखता, बल्कि उसे सुनकर कितनों का जीवन बदला, इससे धर्म की प्रभावना होती है। व्यक्ति गुस्से में जो शब्द बोलता है, वे उसके व्यक्तित्व की हकीकत बयां कर देते हैं। उन्होंने भोजन में जूठन न छोड़ने की प्रेरणा देते हुए कहा कि ऐसा करने से अन्न देवता नाराज होकर ग्रहदशा बिगाड़ देते हैं। साथ ही, सप्ताह में एक बार परिवार के सभी सदस्यों को साथ बैठकर समस्याओं के समाधान पर चर्चा करनी चाहिए, जिससे आपसी प्रेम मजबूत हो। आचार्यश्री ने कर्मों के सिद्धांत को समझाते हुए कहा कि कर्मों की चिट्ठी में हम कुछ भी लिखें, लेकिन उस पर पता खुद का होने के कारण वह लौटकर हमारे पास ही आती है। व्यक्ति को कोई भगवान सजा नहीं देता, वह अपने कर्मों की सजा खुद प्राप्त करता है। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि 15 नवंबर को ऐतिहासिक चातुर्मास संपन्न होने के बाद आचार्यश्री का भीलवाड़ा से विहार होगा।

शाहपुरा अस्पताल में शुरू हुई जटिल सर्जरी : नाक-कान-गला एवं कैंसर रोगियों को नहीं जाना होगा बाहर

शाहपुरा। जिला अस्पताल के चिकित्सा इतिहास में एक नई उपलब्धि जुड़ी है। अस्पताल में पहली बार आधुनिक एंडोस्कोपिक तकनीक की सहायता से 17 वर्षीय बालिका के कान के पर्दे का सफल ऑपरेशन किया गया। इसी के साथ अस्पताल में नाक-कान-गला (ईएनटी) से संबंधित जटिल सर्जरी की शुरुआत हुई है। साथ ही कैंसर रोगों से संबंधित सर्जरी की सुविधाएं भी शुरू किए जाने की जानकारी सामने आई है। आधुनिक दूरबीन तकनीक से की गई इस सर्जरी के दौरान बालिका के क्षतिग्रस्त कान के पर्दे की जगह नया पर्दा लगाया गया। ऑपरेशन सफल रहने के बाद बालिका को चिकित्सकीय निगरानी में केवल दो दिन अस्पताल में रखा गया तथा उसकी स्थिति संतोषजनक होने पर छुट्टी दे दी गई। यह सफल सर्जरी नाक-कान-गला विभागाध्यक्ष डॉ. कुनाल शर्मा एवं एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. रविंद्र धनोपिया के नेतृत्व में संपन्न हुई। ऑपरेशन के दौरान प्रदीप एवं स्टाफ नर्स भावना ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। शाहपुरा जिला अस्पताल में पहली बार इस प्रकार की आधुनिक तकनीक से सर्जरी होना क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे शाहपुरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। अब मरीजों को इस प्रकार के उपचार के लिए बड़े चिकित्सा केंद्रों तक जाने की परेशानी और खर्च से राहत मिल सकती है। जिला अस्पताल में आधुनिक सर्जिकल सुविधाओं का विस्तार शाहपुरा की चिकित्सा सेवाओं को नई दिशा देने वाला कदम है।

**Jiont Director Bikaner
Swasthya Bhawan Bikaner**

Date: 25.10.2026

NOTICE INVITING BIDS
UBN: Services/2026-27/0074/058

Bids for Procurement of Boarding and lodging are invited from interested bidders up to 04.11.2026 06:00PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://shpp.rajasthan.gov.in) of the state, and respective department's website. The approximate value of procurement is INR 9,90,000.00
Thanking you.
Yours faithfully,

DR DEVENDRA KUMAR CHAUDHARY
JOINT DIRECTOR
Medical and Health Services, Jaipur
Email: jdmh-bik-rj@nic.in, Contact Number: 9414171874

DIPR|C|18110|2026

राजस्थान सरकार
**सार्वजनिक निर्माण विभाग
महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें**

प्रपत्र-7
(अतर्गत भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्वयस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम संख्या 30) की धारा 11 (1) एवं राजस्थान नियम 16 (1))

प्रारंभिक अधिसूचना

यतः कलक्टर को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन के लिए राजस्थान राज्य के भीलवाड़ा जिले में फूलियाकलां तहसील में एन.एच. 48 कावलियास से धनोप कैरोट (कि.मी. 18/700 से 46/300) एमडीआर-154 तक सड़क चौड़ाईकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य एवं खारी नदी पर हाईलेवल पुल के निर्माण हेतु कुल 2.2070 हैक्टेयर भूमि अपेक्षित है, अर्थात सामाजिक समाघात मूल्याकंन अध्ययन (एसआईए) का कार्य मेसर्स आर वी इन्फ्रा कंसल्टेंट, जयपुर द्वारा किया गया था और नियम 4 के अधीन यथा विनिश्चित जिला कलक्टर द्वारा गठित दल द्वारा एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी/प्रारंभिक अन्वेषण किया गया था। सामाजिक समाघात मूल्यांकन रिपोर्ट/प्रारंभिक जांच का सार इस प्रकार है। (सामाजिक समाघात रिपोर्ट की एक प्रति संलग्न है):-

भूमि अर्जन के कारण 0 (संख्या) कुटुम्बों के विस्थापित होने की सम्भावना है। इस प्रकार के विस्थापन की आवश्यकता का कारण नीचे दिया गया है।

शून्य प्रभावित कुटुम्बों के पुनर्वासन और पुनर्वयस्थापन के प्रयोजन के लिए प्रशासक के रूप में नियुक्त किया जाता है। अतः राजस्थान राज्य के भीलवाड़ा जिले की फूलियाकलां तहसील में एन.एच. 48 कावलियास से धनोप कैरोट (कि.मी. 18/700 से 46/300) एमडीआर-154 तक सड़क चौड़ाईकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य एवं खारी नदी पर हाईलेवल पुल के निर्माण हेतु कुल 2.2070 हैक्टेयर भूमि मानक माप के भूखण्ड जिसका विवरण निम्नानुसार है, का अर्जन किया जाता है:-

1. यह अधिसूचना इससे सम्बन्धित सभी व्यक्तियों के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम संख्या 30) की धारा 11(1) के उपबन्धों के अधीन जारी की गई है।
2. भूमि से सम्बन्धित रेखांकन जिला कलक्टर के कार्यालय और भूमि अवाप्ति एवं उपखण्ड अधिकारी, फूलियाकलां, जिला-भीलवाड़ा के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान निरीक्षण किया जा सकता है।
3. सरकार उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथा उपबंधित और विनिर्दिष्ट उपखण्ड अधिकारी को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि का स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या बेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिए अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती है।
4. अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात् क्रय/विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।
5. अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की दिनांक 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति के द्वारा भूमि अर्जन के बारे में जिला कलक्टर / भूमि अवाप्ति एवं उपखण्ड अधिकारी, फूलियाकलां, जिला-भीलवाड़ा के समक्ष आक्षेप, यदि कोई हो, प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

संलग्नः यथोक्त
स्थानः फुलियाकलां


DIPR|C|17958|2026

संयुक्त सचिव (पथ)
सार्वजनिक निर्माण विभाग

राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार सरदार पटेल

राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में हमारा कृतज्ञ राष्ट्र उनको नमन करते हुए कहता है कि मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयास करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्य निष्ठता से संकल्प करता हूं।

राष्ट्रीय एकता दिवस की इस शपथ को आगे बढ़ाते हुए हमारे प्रधानमंत्री भी एक सरकारी विज्ञापन के माध्यम से कहते हैं कि भारत के लिए सरदार पटेल के महत्वपूर्ण योगदान को परिभाषित करने के लिए कोई शब्द नहीं है। आइए! शांति, एकता, भाईचारे और सद्भावनापूर्ण भावना को आगे बढ़ाये तथा भेदभाव रहित एवं न्यायपूर्ण भारत का निर्माण करें। इस शपथ और श्रद्धांजलि को पढ़कर मेरा मन भी विनम्रता से झुक जाता है और अपने आपसे ये सवाल करता है कि क्या सरदार पटेल के सपनों का भारत, आजादी के सात दशक बाद भी ऐसा कुछ बनता और कुछ करता हुआ नजर आ रहा है? क्योंकि भारत निर्माताओं का पहला और अंतिम सपना इसके संविधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर ने स्थापित करते हुए भी यही बताया है कि भारत को एक-संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए हम भारत के लोग उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा सुनिश्चित करने वाली एकता, अखंडता और बंधुता के लिए कार्य करेंगे। इस तरह शपथ और संकल्प लेते-लेते और अच्छे दिनों के सपने देखते-देखते और प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते-सुनते मुझे आज भी लगता है कि हम भारत के लोग अब उपनिवेशवाद, सामंतवाद लोकतंत्र के बाद आज बाजारवाद के भंवर में इतने बुरे फंस गए हैं कि सभी महापुरुषों और संविधान की दुहाई देना भी अरण्योदन जैसा हो गया है। लोकतंत्र को सत्ता की राजनीति ने लूट लिया है तो समाजवाद को पूंजीवाद ने धराशायी कर दिया है तो पंथ निरपेक्षता को धर्म और जाति की सेनाओं ने घेर लिया है। एकता, स्वतंत्रता और समता का इतना बुरा हाल है कि अदालतों की कमर टूट गई है और आम आदमी की सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलने की आदत ही छूट गई है।



विडंबना यह बन गई है कि सवा सौ करोड़ देशवासी हारे को हरिनाम जैसा जीवन बिता रहे हैं और हताशा और निराशा में केवल एक ही चिंता से दुबले हो रहे हैं कि आखिर इस अंधेरी रात का सवेरा कब होगा? गरीबी, असमानता, अशिक्षा, कुपोषण और हिंसा भरी सुबह-शाम से भारत मुक्त कब होगा? हम भारत के लोग 76 साल बाद भी अपनी पहचान की महाभारत भी एक तरफ धर्म और जाति के हथियारों से लड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ विज्ञान के रथ पर सवार होकर राष्ट्रवाद के हवाई घोड़े दौड़ा रहे हैं? विश्व की महान शक्ति बनने का परचम लहराते हुए भी हम आज तक भय, भाग्य और भगवान की आस्थावादी परिक्रमा ही लगा रहे हैं तथा जवाबदेही, पारदर्शिता और संवेदनशीलता से मुक्त, अखंड भारत की कामना कर रहे हैं। क्या सरदार पटेल ने ऐसा कभी सोचा था कि 21वीं शताब्दी के भारत में दूसरी आाजादी की लड़ाई-आपातकाल की तानाशाही से होगी और तीसरी आजादी की लड़ाई धर्म और जाति की संकीर्णताओं से होगी, तो देश की 60 करोड़ युवा आजादी भी गंदी राजनीति के गंदे खेल में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से लहूलुहान होकर केवल भारत माता की जय के नारे लगाकर ही अमेरिका और चीन जैसा विकास कर लेगी?

आज नए भारत का मूल संकट यह है कि एकता, समता और बंधुत्व के विज्ञापन पढ़ते हुए और नारे सुनाते हुए देश में असमानता, हिंसा और विभाजन लगातार बढ़ रहा है और कहीं किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। बंद गली के आखिरी मकान की तरह पूरा लोकतंत्र पता नहीं बाजार के आगे सरकार नतमस्तक क्यों हैं? महंगाई और झूठ-पाखंड का इतना दबाव है कि रास्ते चलता आदमी अपना रास्ता भूल रहा है और सबका आसपास-अविश्वसनीयता में झूल रहा है। ऐसा लगता है कि टेक्नोलॉजी और सोशल मीडिया का विकल्प भी युवाओं के सपनों को अराजकता में धकेल रहा है तथा कोई भी सूचना, विकास और परिवर्तन का आधार नहीं बता रही है। ऐसे में कवि दुष्यंत कुमार की ये कविता अक्सर याद आती है कि कैसे मंजर सामने आने लगे हैं। गाते-गाते लोग चिल्लाने लगे हैं। क्योंकि कला और संगीत अब मनोरंजन में बदल गया है तो शब्द और साहित्य को असहिष्णुता ने देशद्रोही बना दिया है तो जलवायु में इतनी असुरक्षा का जहर फैल गया है कि सांस लेना भी दूभर है। न्याय के इतने बुरे दिन आ गए हैं कि सुप्रीम कोर्ट भी सरकार से पूछ रहा है कि क्या अदालतों के ताले लगा दें? इस परिवर्तन में हम भारत के लोग केवल नींद में चल रहे हैं और खुली छत पर सो रहे हैं। बाजार पर मुनाफे का नियंत्रण है तो युवाओं पर सपनों का इंद्रजाल बुना जा रहा है और समाज में वर्ग भेद और वर्ण भेद का गृह युद्ध हावी है।



वेद व्यास
लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

व्यंग्य : ऊपर वाले मालामाल नीचे वाले बेहाल!

भ्रष्टाचार की भी अपनी एक व्यवस्था है। यहाँ ईमानदारी पद देखकर नहीं, पद की ऊँचाई देखकर शर्माती है। सिपाही, क्लर्क और चौकीदार की अलमारी से निकले नोट सुर्खियाँ बन जाते हैं, लेकिन बड़े साहबों की तिजोरियों तक पहुँचते वही नोट प्रतिष्ठा, प्रभाव और रसूख की चादर ओढ़ते हैं। गजब का न्याय है! छोटा कर्मचारी पकड़ा जाए तो भ्रष्टाचारी, बड़ा अधिकारी पकड़ा जाए तो जाँच जारी। नीचे वाले के घर से नकदी मिले तो अपराध का प्रमाण, ऊपर वाले के यहाँ करोड़ों की संपत्ति मिले तो यह किसी की साजिश तो नहीं! सवाल सीधा है-मामूली पद पर बैठा कर्मचारी करोड़ों की संपत्ति का मालिक बन सकता है, तो ऊँची कुर्सियों पर बैठे लोगों की संपत्ति का हिसाब कौन करेगा? लोकायुक्त, सीबीआई व ईडी जैसी संस्थाएँ छापे मारती हैं, फाइलें खुलती हैं, तस्वीरें छपती हैं और जनता कुछ दिन तक व्यवस्था के सुधरने की उम्मीद पालती है। फिर अचानक खबर आती है कि जाँच जारी है। हमारी व्यवस्था में जाँच भी सरकारी नौकरी जैसी है-आराम से चलती है, समय पर पूरी नहीं होती और कभी-कभी सेवानिवृत्ति के बाद भी चलती रहती है! सबसे दिलचस्प कार्रवाई अक्सर वहीं तेज दिखाई देती है, जहाँ आरोपी का राजनीतिक संरक्षण कमजोर हो। जिनके पीछे सत्ता का साया है, उनके लिए कानून की धूप भी छनकर आती है। आम आदमी के लिए नियम पत्थर की लकीर हैं, जबकि रसूखदारों के लिए उन्हीं नियमों में कई दरवाजे बने होते हैं।

यहाँ भ्रष्टाचार की सफाई भी बड़ी अनोखी है। नीचे की गंदगी साफ करने के लिए झाड़ू उठाई जाती है, लेकिन ऊपर की गंदगी तक झाड़ू पहुँचाने की नौबत आए तो अचानक झाड़ू की डंडी छोटी पड़ जाती है! सरकार यदि भ्रष्टाचार मिटाना चाहे, तो उसे चपरासी की जेब से पहले बड़े साहब की तिजोरी तक पहुँचना होगा। संपत्ति का हिसाब पद देखकर नहीं, प्रमाण देखकर होना चाहिए। जाँच की धार छोटी मछली और बड़ी मछली के लिए अलग-अलग नहीं हो सकती। क्योंकि भ्रष्टाचार की असली बीमारी रिश्वत लेने वाले छोटे हाथ नहीं, बल्कि वे बड़े हाथ हैं जो उन हाथों को संरक्षण देते हैं।



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर

कोल्ड स्टोरेज पर छापा, 15 क्विंटल धनिया और लाल मिर्च सीज

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई - मसालों के नमूने अजमेर लैब भेजे

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

दीपावली के पावन पर्व के नजदीक आते ही खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन और चिकित्सा महकमा पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। त्योहारों के मद्देनजर आमजन को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले भर में विशेष जांच एवं निरीक्षण अभियान छेड़ा गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की विशेष टीम ने चित्तौड़ रोड स्थित स्टारलाइट एग्रो लिमिटेड कोल्ड स्टोरेज पर आकस्मिक निरीक्षण कर मिलावटखोरों में हड़कंप मचा दिया। जांच दल ने मौके से भारी मात्रा में संदिग्ध साबुत धनिया और पिसी लाल मिर्च पाउडर को जब्त करते हुए करीब 1500 किलोग्राम (15 क्विंटल) माल सीज किया है।



एक्ट व नॉन एक्ट के तहत लिए सैंपल

सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के स्पष्ट निर्देशों के तहत मिलावट पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर विभागीय टीम जब चित्तौड़ रोड स्थित स्टारलाइट एग्रो लिमिटेड पहुंची, तो वहां मसालों के भारी स्टॉक का रख-रखाव और गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 1500 किलो धनिया व लाल मिर्च पाउडर को आगामी आदेश तक सीज कर दिया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत लाल मिर्च पाउडर का नॉन एक्ट तथा साबुत धनिया का एक्ट के तहत विधिक नमूना (सैंपल) लिया गया। इन सभी नमूनों को सीलबंद कर विस्तृत रासायनिक जांच के लिए राजकीय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, अजमेर भिजवा दिया गया है। लैब से रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की सख्त विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

त्योहार तक अनवरत जारी रहेगी धरपकड़

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि दीपोत्सव के चलते बाजार में मावा, पनीर, मिठाइयों के साथ-साथ पिसे हुए मसालों और तेल-घी की मांग तेजी से बढ़ जाती है। इसका फायदा उठाकर मुनाफाखोर घटिया व मिलावटी सामग्री खपाने की फिराक में रहते हैं। जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए विभाग की अलग-अलग टीमें शहर से लेकर कस्बों और ग्रामीण इलाकों तक निरंतर दबिश दे रही हैं। यह कार्रवाई त्योहार संपन्न होने तक लगातार जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार रेगर, शाहरुख हुसैन तथा संजय वर्मा सहित विभागीय टीम के सदस्य मौजूद रहे। विभाग ने व्यापारियों को भी स्पष्ट हिदायत दी है कि बिना बिल, बिना एक्सपायरी या संदिग्ध गुणवत्ता वाले खाद्य उत्पादों का भंडारण अथवा विक्रय न करें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जीतो लेडिज विंग के 'नव्या उल्लास' में आइस-ब्रेकिंग गेम्स, नृत्य हुए



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

जीतो लेडिज विंग भीलवाड़ा की नवगठित टीम के कार्यकाल के प्रथम गेट-टुगेदर 'नव्या उल्लास' का आयोजन जीतो हाउस में उत्साह से हुआ। इसमें आइस ब्रेकिंग गेम्स व नृत्य हुए। अध्यक्षता जीतो लेडिज विंग की चेयरपर्सन नेहा नाहर ने की।

मंच पर लेडिज विंग की राजस्थान जोन सेकेट्री नीतू ओस्तवाल, राजस्थान जोन कन्वीनर ऋतु चौधरी एवं भीलवाड़ा लेडिज विंग की प्रथम चेयरपर्सन कमला चौधरी ने उत्साहवर्द्धन किया। लेडिज विंग की चीफ सैकेट्री निकिता जैन ने बताया कि जीतो लेडिज विंग परिवार में 90 नए सदस्यों का अभिनंदन किया गया।

सदस्यों के लिए आइस-ब्रेकिंग गेम्स, नृत्य के साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों ने माहौल को जोश से सराबोर रखा। सराहनीय प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। जीतो लेडिज विंग भीलवाड़ा की चीफ सैकेट्री निकिता जैन, वाइस चेयरपर्सन मोनिका रांका एवं वनिता बाबेल, कोषाध्यक्ष सोनल छाबड़ा, ज्वॉइंट सैकेट्री रितिका पाटनी, सोनल मेहता के साथ कार्यकारिणी, हेड बोर्ड, एडवाइजरी, पैट्रन एवं चीफ पैट्रन की उपस्थिति रही।

नए टायर से ट्रांसपोर्ट कारोबार में होगी ईंधन की बचत

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर

ट्रक और बस चलाने वाले कारोबारियों के लिए ईंधन और टायर का खर्च मुनाफे पर सीधा असर डालता है। ऐसे में, कम ईंधन खर्च करने और लंबे समय तक चलने वाले टायर से कारोबारियों को अच्छी बचत हो सकती है। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, मिशलिन ने अपना नया एक्स मल्टी एनर्जी झेड-2 टायर लॉन्च किया है।

भारत में बना यह टायर 1 नवंबर से देशभर में उपलब्ध होगा। मिशलिन इंडिया के प्रबंध निदेशक शांतनु देशपांडे ने कहा कि कंपनी ने भारतीय सड़कों का अध्ययन करने के बाद यह टायर तैयार किया है। इसका उद्देश्य ट्रांसपोर्ट कारोबारियों को ईंधन बचाने, खर्च घटाने और हर किलोमीटर पर बेहतर कमाई करने में मदद देना है। नया टायर भारतीय सड़कों और यातायात की स्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कंपनी के मुताबिक, 295/80आर22.5 आकार के टायर से प्रमुख प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले 6 प्रतिशत तक और



295/90आर20 आकार के टायर से 13 प्रतिशत तक ईंधन बचाया जा सकता है। इससे ट्रांसपोर्ट कारोबारियों का मुनाफा 3 प्रतिशत तक बढ़ाने में मदद मिल सकती है। यह टायर दूसरे प्रमुख ब्रांड्स के मुकाबले 25 प्रतिशत तक ज्यादा समय तक चलता है। इसमें इस्तेमाल की गई ड्युराकोर तकनीक टायर को मजबूती देती है, जिससे बार-बार टायर बदलने और रखरखाव का खर्च कम हो सकता है। इसका सड़क से संपर्क क्षेत्र भी 5 प्रतिशत तक बड़ा है, जिससे सूखी और गीली सड़कों पर वाहन की पकड़ बेहतर रहती है। चेन्नई स्थित मिशलिन के कारखाने में बने इस टायर में करीब 30 प्रतिशत पुनर्च ण योग्य सामग्री का इस्तेमाल हुआ है। कंपनी के टायर्स एंड सर्विस स्टोर्स और 300 से ज्यादा अधिकृत विक्रेताओं के यहाँ यह टायर उपलब्ध होगा।

यातायात नियमों की पालना प्रत्येक नागरिक की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी - सिंह

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2, जयपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर

सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने तथा यातायात नियमों के पालन की महत्ता समझाने के उद्देश्य से आज पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर-2, आर्मी मुख्यालय, झोटवाड़ा, जयपुर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिनेश सिंह, परिवहन निरीक्षक, प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर द्वितीय, विद्याधर नगर, ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी।



इस अवसर पर रोड सेफ्टी एनजीओ कम्युनिटी फॉर सेफर रोड्स की प्रतिनिधि निशा बग्गा तथा विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रदीप कुमार टेलर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क संकेतकों, सड़क चिह्नांकन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, पैदल यात्रियों की सुरक्षा तथा सुरक्षित सड़क व्यवहार के बारे में जानकारी दी गई। दिनेश सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। थोड़ी-सी सावधानी, यातायात नियमों का पालन और अनुशासित व्यवहार बहुमूल्य जीवन को बचा सकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। विद्यालय प्रशासन एवं आयोजकों ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के इस प्रयास को महत्वपूर्ण पहल बताया।

डीएचएल एक्सप्रेस इंडिया ने शिपमेंट पर 60 प्रतिशत तक की त्यौहारी छूट के साथ दिवाली में खुशियों का रंग भरा

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, जयपुर

दुनिया की अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय एक्सप्रेस सेवा प्रदाता कंपनी डीएचएल एक्सप्रेस पूरे भारत में अपने ग्राहकों के लिए विशेष त्यौहारी छूट के साथ दिवाली का उत्सव मना रही है। सीमित अवधि के लिए उपलब्ध यह ऑफर 14 नवंबर, 2026 तक मान्य है। इसके तहत ग्राहकों को अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू शिपमेंट पर 60 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। जो ग्राहक भारत और दुनिया भर में अपने परिवारजनों और प्रियजनों को उपहार, मिठाइयाँ और त्यौहार की शुभकामनाएँ भेजना चाहते हैं, वे डीएचएल की वेबसाइट पर या डीएचएल सर्विस पॉइंट पर प्रोमोशन कोड 60 का उपयोग कर सकते हैं। ग्राहक डीएचएल गोग्रीन प्लस सेवा का विकल्प भी चुन सकते हैं। यह सेवा सतत विमानन ईंधन (एसएएफ) के उपयोग के माध्यम से उनके शिपमेंट से जुड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में सहायक है। 'बुक एंड क्लेम' तंत्र के माध्यम से एसएएफ के पर्यावरणीय लाभों को इसमें भाग लेने वाले शिपमेंट के लिए आवंटित किया जाता है। डीएचएल एक्सप्रेस इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट- सेल्स एंड मार्केटिंग, संदीप जुनेजा ने कहा, दिवाली उन लोगों के साथ खुशियाँ मनाने का त्यौहार है, जो हमारे लिए मायने रखते हैं, भले ही वे हमसे कितनी ही दूर क्यों न हों। डीएचएल एक्सप्रेस में हम आपके किसी खास उपहार को दुनिया में कहीं भी आपके प्रियजनों के दरवाजे तक पहुँचाकर इन रिश्तों को जोड़ने में मदद करते हैं। अपने इस त्यौहारी ऑफर के माध्यम से हम आशा करते हैं कि हमारे ग्राहकों के लिए भारत और दुनिया भर में अपने परिवारजनों और प्रियजनों के साथ दिवाली की खुशियाँ साझा करना थोड़ा और आसान होगा। डीएचएल का व्यापक वैश्विक नेटवर्क 220 से अधिक देशों और क्षेत्रों में फैला हुआ है। इसके माध्यम से ग्राहक अपने शिपमेंट की शुरुआत से लेकर अंत तक की स्थिति देख सकते हैं। साथ ही, उन्हें एसएमएस और ईमेल के जरिए समय-समय पर अपडेट मिलते रहते हैं, जिससे डिलीवरी का अनुभव सुगम और परेशानी-मुक्त बनता है। इस ऑफर के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए ग्राहक डीएचएल एक्सप्रेस के टोल-फ्री नंबर 1800 30 345 पर कॉल कर सकते हैं, या माईडीएचएल+ के माध्यम से अपने शिपमेंट का मूल्य जानकर बुकिंग कर सकते हैं। निकटतम डीएचएल सर्विस पॉइंट का पता लगाने के लिए ग्राहक डीएचएल सर्विस पॉइंट लोकेटर पर जा सकते हैं या गूगल पर डीएचएल नियर मी सर्च कर सकते हैं।

नारी रत्न अवार्ड से आशा सम्मानित



चित्तौड़गढ़। आचार्य प्रवर विजयराज म.सा. की नेश्राय के अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी शान्त न्ति जैन श्रावक संघ के ब्यावर में आयोजित 30वें वार्षिक अधिवेशन में समाजसेवी गुरुभक्त श्रीरघुवीर जैन एवं श्रीमती पारसदेवी की पुत्रवधु एवं शान्ति न्ति संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जैन की धर्मसहायिका श्रीमती आशा जैन को नारीरत्नी अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

आचार्य प्रवर विजयराज म.सा. के आर्शीवाद एवं मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष अखिल भारतीय स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उल्लेखनीय सेवायें देने वाले नौ व्यक्ति यों को इस नवरत्न अवार्ड के लिये चयनित किया जाता है। उसी के अन्तर्गत यह नारीरत्नी अवार्ड के लिये श्रीमती आशा जैन का चयन किया गया है। भीलवाड़ा के धर्मपरायण सुश्रावक स्व. भैरूसिंह बाबेल की पुत्री चित्तौड़गढ़ महिला संघ की अध्यक्षा श्रीमती आशा जैन को नारीरत्नी अवार्ड उनकी साधु-साध्वियों के समर्पण सेवा आदि निस्वार्थ सेवाओं के लिये दिया गया है। ब्यावर में आयोजित संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन में यह नवरत्न अवार्ड राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू भूरट होसपेठ (कर्नाटक) राष्ट्रीय महासचिव सी.ए. वीरेन्द्रजी जैन मन्दसौर महिला संघ की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती लीला कोठारी भीलवाड़ा एवं राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती पिंकी बापना बम्बई आदि के द्वारा यह अवार्ड प्रदान किये गये। इस अवार्ड पर चित्तौड़गढ़ शान्त क्रान्ति महिला संघ की मंत्रीदीप्ति भड़कतिया, कोषाध्यक्ष श्रीमती मीना सोनी एवं महावीर जैन महिला मण्डल की मंत्री श्रीमती रजनी रांका आदि श्रावक-श्राविकाओं ने हर्ष व्यक्त किया।

दिग्गज नेताओं को झेलनी पड़ी हार कई सीटों पर रहा कड़ा मुकाबला

शाहपुरा। शाहपुरा एवं फुलिया कलां पंचायत समिति क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के हाल ही में संपन्न हुए पंचायती राज चुनावों में बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला है।

इस बार के नतीजों में जनता ने कई दिग्गजों को नकारते हुए नए चेहरों पर विश्वास जताया है। चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमा रहे कई वरिष्ठ नेताओं और उनके परिजनों को हार का सामना करना पड़ा। फुलिया कलां और शाहपुरा पंचायत समिति क्षेत्र से निवर्तमान प्रधान माया जाट, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गजराज सिंह राणावत (सांगरिया), वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर राजेंद्र सिंह खामोर, कर्नाटक के राज्यपाल के पूर्व ओएसडी शंकर गुर्जर की पत्नी किस्मत गुर्जर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता किशन गोदारा तथा कांग्रेस नेता राजेंद्र चौधरी की पत्नी रेखा चौधरी को पराजय झेलनी पड़ी। इसी म में पूर्व सरपंच सत्यनारायण मालू की पत्नी किरण मालू, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष व निवर्तमान सरपंच शंकर गुर्जर (भोजपुर), पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामधन जाट (लाठियों का खेड़ा) तथा दिवंगत वरिष्ठ भाजपा नेता रामजस गुर्जर के पुत्र सांवरलाल गुर्जर सहित कई रसूखदार नेताओं को मतदाताओं ने चुनाव में शिकस्त दी। इन चुनावों में हार-जीत का अंतर भी बेहद रोचक और नजदीकी रहा। फुलिया कलां पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सांगरिया से गजराज सिंह राणावत 699 मतों से चुनाव हार गए, वहीं पूर्व प्रधान माया जाट को संणगारी ग्राम पंचायत से 514 मतों से पराजय मिली। खामोर ग्राम पंचायत से ठाकुर राजेंद्र सिंह 408 मतों के अंतर से पराजित हुए। दूसरी ओर, बिलिया ग्राम पंचायत में कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां सांवरिया लाल कुमावत ने महज 2 मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। शाहपुरा पंचायत समिति की बात करें तो बालापुरा ग्राम पंचायत से विजय कुमावत ने मात्र 4 मतों से रोमांचक जीत हासिल की, जबकि बोरडा ग्राम पंचायत से लाली जाट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 619 मतों के बड़े अंतर से एकतरफा जीत दर्ज की।

पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और प्रथम गृह मंत्री पटेल की मनाई जयंती



गुलाबपुरा। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, श्रीमती इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं भारत के प्रथम गृह मंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती नगर कांग्रेस अध्यक्ष महावीर लड्ढ़ा के नेतृत्व में मनाई गई। श्रद्धांजलि सभा में पालिका उपाध्यक्ष रामदेव खारोल ने स्व, श्रीमती इंदिरा गांधी एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सभी कांग्रेस जनो को कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने एवं जनता की सेवा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महावीर लड्ढ़ा, पूर्व पालिकाध्यक्ष केदार तोषनीवाल, फतेहसिंह सौलंकी, रामधन जाट, महेंद्र कुमावत, एडवोकेट रतनकुमार जैन निहालचंद संचेती, पार्षद इमरान कुरैशी, प्रकाश टाटीवाल,सलीम बाबू, किशन सिंह, मोहम्मद सलीम कुरैशी राजू ज्यूस, रहीस मोहम्मद, हुसैन लौहार,रामधन जाट, सदर पप्पू भाई, अशोक मौर्य, कृष्ण गोपाल देवड़ा, शांतिलाल जीनगर, मोहम्मद हारून, अब्दुल हमीद कुरैशी, हाजी मकबूल महावीर नायक, सहित सभी कांग्रेस जनो ने स्व, श्रीमती इंदिरा गांधी एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

विजयी प्रत्याशियों के जीतने पर जताया हर्ष



गुलाबपुरा । निकटवर्ती आगूचा, हुरड़ा, लाम्बा, जालमपुरा के सरपंच चुनाव में विजयी प्रत्याशियों के समर्थको में हर्ष व्याप्त है। हुरड़ा में सरपंच पद पर गजराज जाट ने विजय हासिल की वही आगूचा में जितेंद्र नागर ने सरपंच पद पर विजय हासिल की । पूर्व में जितेंद्र नागर की धर्मप%ी ज्योति नागर सरपंच थी। अब पति जितेंद्र नागर के हाथों में कमान आ गई है । विजयी सरपंच जितेंद्र नागर ने शहीद भगत सिंह स्मारक पर माल्यार्पण किया। आगूचा में उपसरपंच पद पर गौरव पाराशर निर्विरोध निर्वाचित हुए। निकटवर्ती ग्राम लाम्बा में सरपंच पद पर नारायण गुर्जर ने जीत दर्ज की। वही जालमपुरा में गणेश देवासी ने सरपंच पद पर जीत हासिल की। समर्थको ने डीजे, ढोल नगाड़ों के साथ विजयी सरपंचों का स्वागत किया।

अखिल भारतीय स्वदेशी मेला पत्रक का विमोचन कल

भीलवाड़ा। स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वदेशी जागरण मंच, भीलवाड़ा द्वारा 1 जनवरी 2027 से 10 जनवरी 2027 के मध्य मेडिसिटी ग्राउंड आजाद नगर भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय स्वदेशी मेला के पत्रक (ब्रोशर) का विमोचन समारोह रविवार, 1 नवंबर 2026 को अपराह्न 03:30 बजे आजाद नगर स्थित निजी होटल में आयोजित किया जाएगा। आयोजन संतों के पावन सानिध्य और शहर के गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न होगा। इस विमोचन समारोह में पूज्य संत लक्ष्मण दास महाराज (पंचमुखी आश्रम, भीलवाड़ा) एवं महंत मोहन शरण शास्त्री (निम्बार्क आश्रम, भीलवाड़ा) का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष (भाजपा) सी. पी. जोशी होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद एवं मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री दामोदर जी अग्रवाल करेंगे। इसके साथ ही, भीलवाड़ा शहर के विधायक एवं मेला आयोजन समिति के स्वागताध्यक्ष अशोक कोठारी सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में उद्यमी एवं समाजसेवी कृष्ण गोपाल तोषनीवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे तथा जनसांख्यिकी लाभांश के संयोजक एवं मेला आयोजन समिति के संयोजक डॉ. राज कुमार जी चतुर्वेदी मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखेंगे एवं स्वदेशी मेले की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करेंगे । समारोह के समन्वयक डॉ. देवी लाल साहू , सचिव सुनील सोमानी एवं आयोजन समिति के समस्त कार्यकर्ताओं ने शहर के समस्त प्रबुद्ध जन एवं संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहेंगे ।

हस्तिनापुर के वीर : भीष्म पितामह के मार्गदर्शन से पांडव और कौरव सीखेंगे टीमवर्क और नेतृत्व का असली पाठ

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, मुंबई


सोनी सब के चर्चित धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में पांडवों और कौरवों के बचपन की प्रेरणादायक यात्रा दिखाई जा रही है।

गुरु द्रोणाचार्य के मार्गदर्शन में चक्रव्यूह सीखने के इस सफर में अब एक नया और रोमांचक मोड़ आने वाला है, जहां भीष्म पितामह (मनीष वाधवा) राजकुमारों को युद्ध कौशल के साथ-साथ मानसिक मजबूती और एकजुटता का महत्व समझाएंगे। आने वाले एपिसोड्स में



यह दिखाया जाएगा कि कैसे पांडव और कौरव दोनों ही अपनी आंतरिक कमियों से जूझ रहे हैं। पांडवों के बीच हर भाई का नेतृत्व करने की चाहत आपसी टकराव का कारण बन रही है, तो वहीं कौरव हर फैसले के लिए पूरी तरह दुर्योधन (आयुध भानुशाली) पर निर्भर हैं। इन कमजोरियों को दूर करने के लिए भीष्म पितामह जानबूझकर उनके बीच मतभेद उत्पन्न करते हैं। इस स्थिति से गुजरने के बाद दोनों समूहों को अपनी गलतियों का अहसास होता है और वे स्वतंत्र रूप से सोचने तथा सामंजस्य बिठाने का प्रयास करते हैं। इस ट्रैक के बारे में बात करते हुए अभिनेता मनीष वाधवा ने कहा कि चक्रव्यूह में महारत हासिल करने के लिए केवल शारीरिक बल या रणनीति पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके लिए मानसिक स्पष्टता और टीम वर्क की आवश्यकता होती है। उन्होंने टीमवर्क को परिभाषित करते हुए कहा, च्टीमवर्क का मतलब है एक-दूसरे की खूबियों को समझना, अलग-अलग विचारों का सम्मान करना और एक साझा लक्ष्य की दिशा में मिलकर काम करना।ज् जब युवा राजकुमार एक-दूसरे का सहयोग करना सीख जाते हैं, तभी वे सबसे कठिन चुनौतियों को पार करने में सक्षम होते हैं। यह विशेष ट्रैक दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें जीवन में टीम वर्क, आपसी भरोसे और नेतृत्व के संतुलन का एक महत्वपूर्ण संदेश भी देगा। दर्शक इस दिलचस्प ड्रामे को हस्तिनापुर के वीर में सोमवार से शनिवार रात 9 बजे, सिर्फ सोनी सब पर देख सकते हैं।

पुलिस ने निकाली रन फॉर यूनिटी पदयात्रा



बिजयनगर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सेवा , सुरक्षा, सहयोग,एकता , अखंडता और सोहार्द का संदेश लेकर पुलिस अधिकारियों, पुलिस कर्मियों, पुलिस मित्र व विधार्थियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के 27 मिल चौराहे से प्रसिद्ध शक्तिपीठ स्थल बाड़ी माताजी तीर्थ धाम तक रन फॉर यूनिटी के तहत पदयात्रा निकाली गई। पुलिस द्वारा निकाली गई पद यात्रा में मसूदा वृताधिकारी शिवराज सिंह, थानाधिकारी राजवीर सिंह, सहायक पुलिस उप निरीक्षक बजरंग त्रिपाठी, विजय सिंह, पुलिस मित्र सुरेन्द्र सिंह भाटी सहित अन्य पुलिस कर्मी,पुलिस मित्र व संजीवनी स्कूल के विघार्थियों ने हिस्सा लिया।